## न्यूज डायरी



### जॉर्ज फ्लॉयड को मारने वाले पुलिसकर्मी को 22 साल की जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। आर्मीनिया के खिलाफ भीषण जंग में अजरबैजान का साथ देने वाले पाकिस्तान की नजरें अब तुर्की के घातक ड्रोन विमान पर टिक गई हैं। ये वही किलर ड्रोन हैं जिन्होंने नगर्नो–कराबाख में तबाही मचाई थी। इस जंग में तुर्की और पाकिस्तान ने खुलकर अजरबैजान का साथ दिया था। यही नहीं पाकिस्तान अब कश्मीर और अफगानिस्तान के मुद्दे पर तुर्की के साथ द्विपक्षीय संबंध मजबूत करना चाहता है। तुर्की–पाकिस्तान और चीन की इस नापाक जोड़ी के साथ आने से भारत की टेंशन बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों का कहना है कि Bayraktar TB–2 की मदद से अजरबैजान ने आर्मीनिया को पिछले साल जंग में पराजित कर दिया था। अब पाकिस्तान इन हमलावर ड्रोन विमानों को तुर्की से लेना चाहता है। इसके अलावा तुर्की और पाकिस्तान संयुक्त रक्षा प्रॉजेक्ट, अफगानिस्तान पर सहयोग और पाकिस्तान में तुर्की के निवेश पर चर्चा कर रहे हैं।

### कोरोना वैक्सीन की कमी से जूझ रहे श्रीलंका में पहली डोज दी गई एस्ट्राजेनेका की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका सरकार उन लोगों को फाइजर के टीके देने जा रही है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की पहली खुराक ली थी। लम्बे इंतजार के बाद लोगों को टीका दिया जा रहा है। फाइजर के दोनों टीकों की प्रभावशीलता का अध्ययन अभी भी किया जा रहा है, लेकिन एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की गंभीर कमी के कारण श्रीलंका के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसे मंजूरी दे दी। श्रीलंका में एस्ट्राजेनेका की खुराक समाप्त होने से पहले लगभग 3,84,000 लोगों को दोनों डोज लग चुकी थीं। इस साल प्राप्त होने वाले 50 लाख टीकों के पहले बैच के रूप में श्रीलंका को 26,000 खुराकें मिलीं। श्रीलंका सरकार को इस महीने फाइजर की दो लाख खुराक मिलने की उम्मीद है।

### यूरेनियम संवर्धन की प्रक्रिया शुरू करने का ईरान ने किया बचाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वियना। एक तरफ जहां ईरान अमेरिका से परमाणु डील को लेकर सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्यों के साथ वार्ता कर रहा है वहीं दूसरी तरफ उसने यूरेनियम संवर्धन का काम भी शुरू कर दिया है। उसका ये कदम इस परमाणु डील की प्रक्रिया में एक बड़ी अड़चन माना जा रहा है। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस वर्ष पहले छह माह के दौरान ही ईरान यूरेनियम को धातु के रूप में तैयार कर चुका है। हालांकि इनका संवर्धन नहीं किया गया है। संवर्धन के बाद ही इनका इस्तेमाल परमाणु हथियारों के लिए ईंधन तैयार किया जा सकता है। ईरान के इस कदम की संधि वार्ता से जुड़े सभी सदस्यों ने कड़ी आलोचना की है। अमेरिका ने ईरान के इस कदम को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और वार्ता को पीछे ले जाने वाला बताया है।

### गंभीर खाद्य संकट में है तानाशाह किम का उत्तर कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। उत्तर कोरिया गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहा है। देश में खाने पीने की काफी कमी हो गई है। यूएन फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन फोरकास्ट ने इसको लेकर चेतावनी दी है। यूएन फूड का कहना है कि इस वर्ष उत्तर कोरिया में 8.60 लाख टन खाद्य पदार्थों की कमी आई है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने भी इस बात को माना है कि मौजूदा समय काफी मुश्किलों भरा है। उन्होंने खाद्य पदार्थों में कमी को लेकर देश की आबादी को चेतावनी भी दी है। उनका कहना है कि लोगों को सबसे खराब हालातों का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

उत्तर कोरिया ने पिछले माह इस बात को माना भी था कि वो मौजूदा समय में खाद्य संकट से गुजर रहा है। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक उत्तर कोरिया में इस वर्ष 5.6 लाख टन की पैदावार हुई है। ये पैदावार देश की आबादी का पेट भरने के लिए नाकाफी है।

# दिलीप कुमार की दरियादिली को कभी नहीं भूल सकता हूं

**दुखद**

## पाकिस्तान के पीएम इमरान खान दिलीप कुमार के निधन पर जताया दुख

इमरान ने बताया कि वह कैंसर अस्पताल बनवाना चाहते थे, दिलीप कुमार ने इसमें उनकी मदद की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने पेशावर में जन्मे बालीवुड के ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इमरान खान ने कहा कि मैं उनकी दरियादिली को कभी नहीं भूल सकता हूं। पाकिस्तानी पीएम ने बताया कि वह एक समय में अपनी मां के नाम पर कैंसर अस्पताल बनवाना चाहते थे। इस दौरान उन्हें पैसे की तंगी का सामना करना पड़ रहा था। मैंने दिलीप कुमार से अपील की तो वह मदद के लिए तैयार हो गए।

इमरान खान ने कहा कि कैंसर अस्पताल के लिए शुरू के 10 फीसदी पैसे का जुगाड़ करना सबसे मुश्किल चरण था। दिलीप कुमार के पाकिस्तान और लंदन में कार्यक्रम ने इस पैसे



का जुगाड़ करने में मदद की। इसके अलावा मेरी पीढ़ी के लिए दिलीप कुमार सबसे महान और सबसे प्रतिभाशाली अभिनेता थे। बता दें कि इमरान खान ने अपनी मां शौकत खानम की याद में पाकिस्तान में विशाल कैंसर अस्पताल बनवाया है।

**दिलीप कुमार के निधन पर गमगीन हुआ पाकिस्तानः** उधर, पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉक्टर आरिफ अल्वी ने भी अभिनेता दिलीप कुमार के निधन पर शोक व्यक्ति किया है। अल्वी ने ट्वीट करके कहा कि दिलीप कुमार के निधन की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। वह एक शानदार कलाकार, विनम्र इंसान और शानदार व्यक्तित्व के धनी थे।

पाकिस्तानी मंत्री फवाद चौधरी ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान–ए–इम्तियाज से सम्मानित दिलीप कुमार के निधन के बारे में कहा, एक प्रतिष्ठित कलाकार थे। दिलीप कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्हें इस उपमहाद्वीप और पूरी दुनिया में करोड़ों लोग प्यार करते थे। दुनिया के ट्रेजडी किंग को हमेशा याद किया जाएगा।

पाकिस्तान के टॉप टेन ट्विटर ट्रेंड में दिलीप कुमार काफी ऊपर ट्रेंड कर रहे हैं। पाकिस्तानी लोगों का कहना है कि दिलीप कुमार के चले जाने के साथ ही हिंदी फिल्मों के एक युग का अंत हो गया है। दिलीप कुमार का जन्म पाकिस्तान के पेशावर शहर में हुआ था। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने अभिनेता दिलीप कुमार के पेशावर स्थित पैतृक घर को खरीदने की मंजूरी प्रदान कर दी है जिन्हें संग्रहालय में तब्दील किया जाएगा।

पेशावर के जिला आयुक्त कैप्टन (सेवानिवृत्त) खालिद महमूद ने अभिनेताओं के घरों के वर्तमान मालिकों की आपत्तियों को खारिज कर दिया और दोनों घरों को पुरातत्व विभाग को सौंपने के आदेश दिए।

## चीनी कर्ज के जाल में फंसा एक और देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। श्रीलंका, मालदीव के बाद अब एक और देश चीनी ड्रैगन के कर्ज के शिकंजे में कसता नजर आ रहा है। यूरोप का छोटा सा देश मोंटेनेग्रो चीन से बेल्ट एंड रोड परियोजना के लिए लिया गया 1 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने में असमर्थ साबित हुआ है। इस कर्ज को एक विशाल हाइवे बनाने के लिए लिया गया था लेकिन वह अभी केवल कुछ ही दूरी तक बन पाया है। इसके बाद भी मोंटेनेग्रो को पूरा कर्ज लौटाना पड़ रहा है। मोंटेनेग्रो यह कर्ज नहीं लौटा पाता है तो वह दिवालिया हो जाएगा और चीन उसकी जमीन पर कब्जा कर सकता है।

डेली मेल के मुताबिक रोचक बात यह है कि इस परियोजना में चीन की सरकारी कंपनी चाइना रोड एंड ब्रिज कॉर्पोरेशन लगी है और यह चीन से बुलाए गए मजदूरों के जरिए पुल बना रही है। इस चीनी कंपनी ने अभी तक 270 मील लंबे हाइवे के पहले सेक्शन सर्बिया के बेलग्रेड तक अपना काम पूरा नहीं किया है। इस महीने ही मोंटेनेग्रो को एक अरब डॉलर की पहली किश्त को चीन के सरकारी बैंक को इसी महीने लौटाना है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मोंटेनेग्रो इस कर्ज को लौटा पाएगा या नहीं।



## दोबारा खोला जाएगा न्यूयार्क का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, हो रही तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयार्क। न्यूयार्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय को दोबारा खोलने की तैयारी की जा रही है। इस बात की पुष्टि प्रवक्ता ने की है। मुख्यालय के कामकाज की दोबारा शुरुआत को लेकर महासचिव एंटोनियो गुतेरस ने 2 जुलाई को नया गाइडलाइन जारी किया। UN महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि इसके लिए तैयारियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। मार्च के मध्य में न्यूयार्क स्थित यूएन मुख्यालय को आम जनता व अन्य गतिविधियों के लिए बंद कर दिया गया था। 1 अक्टूबर तक यह आम लोगों के लिए बंद ही रहेगा। यह जानकारी दुजारिक ने दी।

## दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची में भारत को लगा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लिस्ट में जापान को सर्वोच्च स्थान मिला

रियाद। दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की वर्ष 2021 की रैंकिंग आ गई है। इस लिस्ट में जापान को सर्वोच्च स्थान मिला है। इसके बाद सिंगापुर को दूसरा और जर्मनी तथा दक्षिण कोरिया को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला है। सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की लिस्ट में चीन और संयुक्त अरब अमीरात ने जोरदार छलांग लगाई है। वहीं सबसे सबसे खराब पासपोर्ट में अफगानिस्तान (116वां और आखिरी स्थान), सीरिया, इराक और पाकिस्तान हैं। वहीं भारत को इस ताजा सूची में करारा झटका लगा है और वह 90वें स्थान पर चला गया है।

अगर पासपोर्ट का ओलंपिक कराया जाए तो जापान इस पूरी प्रतियोगिता को जीत लेगा। वर्ष 2006 से हर साल दुनिया के यात्रा के लिहाज से मित्रवत पासपोर्ट की सूची जारी करने वाले हेनली पासपोर्ट इंडेक्स के मुताबिक जापान एक बार फिर से इस सूची में सबसे ऊपर है।

जापानी पासपोर्ट धारक को दुनिया के 193 देशों में वीजा फ्री या वीजा ऑन अराइवल एक्सेस की सुविधा है। हेनली ने बताया कि कोरोना वायरस संकट की वजह से इस साल लोग बहुत ट्रेवल कर रहे हैं। इसी वजह से कई देशों ने कोरोना को देखते हुए आंशिक प्रतिबंध भी लगाए हैं। इस सूची में दूसरे स्थान पर सिंगापुर है जिसके पासपोर्ट धारक को 192 देशों में एक्सेस की सुविधा है। इसके बाद साउथ कोरिया और जर्मनी (191 देश) हैं। कोरोना वैक्सीन लगाने के बाद भी अमेरिका और ब्रिटेन सातवें स्थान पर हैं। इस सूची में चीन और यूएई ने बहुत अच्छी बढ़त बनाई है। शीर्ष 10 देशों की सूची में यूरोपीय देशों की संख्या ज्यादा है। वहीं यात्रा स्वतंत्रता के मामले में चीन और यूएई ने पिछले दशक में शानदार सफलता हासिल की है। वर्ष 2011 के बाद से चीन 22 स्थान ऊपर चढ़ा है। अब वह 90वें स्थान से घटकर 68वें स्थान पर आ गया है।

### दिलीप कुमार के निधन पर गमगीन हुआ पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पेशावर में जन्मे हिंदी फिल्मों के ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार ऊर्फ युसूफ खान के निधन पर पाकिस्तान के लोग गमगीन हो गए हैं। पाकिस्तानी जनता से लेकर आम आदमी तक दिलीप कुमार के निधन पर सोशल मीडिया पर दुख जता रहे हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉक्टर आरिफ अल्वी ने कहा कि दिलीप कुमार के निधन की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। वह एक शानदार कलाकार, विनम्र इंसान और शानदार व्यक्तित्व के धनी थे। मंत्री फवाद चौधरी ने पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान–ए–इम्तियाज से सम्मानित दिलीप कुमार के निधन के बारे में कहा, एक प्रतिष्ठित कलाकार थे। दिलीप कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्हें इस उपमहाद्वीप और पूरी दुनिया में करोड़ों लोग प्यार करते थे। दुनिया के ट्रेजडी किंग को हमेशा याद किया जाएगा। पाकिस्तान के टॉप टेन ट्विटर ट्रेंड में दिलीप कुमार काफी ऊपर ट्रेंड कर रहे हैं।